## आकाशवाणी केन्द्र शिमला

**30.09.2025** **15.00 बजे**

### मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला से 6 मोबाइल फोरेंसिक वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये वाहन डायरेक्टरेट ऑफ फोरेंसिक सर्विस के तहत काम करेंगे। हर वाहन की कीमत 65 लाख रूपए हैं जो अत्याधुनिक तकनीक से लैस है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इन वाहनों का उपयोग जांच कर्ताओं द्वारा आपराधिक स्थल पर साक्ष्य इकट्ठा करने के लिए किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने सीमेंट पर किसी तरह का कोई टैक्स नहीं लगाया है और विपक्ष बेवजह इस मुद्दे पर राजनीति कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित 15 सौ करोड़ रूपए का विशेष पैकेज अभी तक प्रदेश को नहीं मिला है। मुख्यमंत्री ने एचआरटीसी पैंशनरों और एचपीटीडीसी के कर्मचारियों को समय पर वेतन न मिलने के मुद्दे पर कहा कि अगले चार–पांच महीनों तक कर्मचारियों को सैलरी में देरी हो सकती है, लेकिन सरकार अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए काम कर रही है। उन्होंने प्रदेश की आर्थिक बदहाली के लिए पूर्व भाजपा सरकार को ज़िम्मेदार ठहराया है।

### जीएसटी– निर्माण सामग्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित वस्तु और सेवा कर बचत उत्सव 22 सितम्बर को शुरू हुआ और यह समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। ये सुधार विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कर की दर कम करके नागरिकों को पर्याप्त लाभ प्रदान कर रहे हैं। एक रिपोर्ट––

### कूड़ा शुल्क

पर्यटन नगरी राजधानी शिमला में बाहर से आने वाले सभी बड़े यात्री वाहनों को कूड़ा शुल्क चुकाना होगा। एचआरटीसी और निजी बसों के अलावा बाहर से आने वाली बसों से भी ये शुल्क लिया जाएगा। शिमला नगर निगम ने कूड़ा शुल्क की दरें तय करते हुए इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है जिसे अंतिम स्वीकृति के लिए सरकार को भेजा जाएगा। नगर निगम के महापौर सुरेन्द्र चौहान ने बताया कि इससे एक ओर जहां शिमला में फैल रही गन्दगी दूर होगी वहीं नगर–निगम शिमला की आमदनी भी बढ़ेगी।

### खेल पुरस्कार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ने वर्ष 2025 के खेल पुरस्कारों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इन पुरस्कारों की अधिसूचनाएँ मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई हैं। हमारे संवाददाता ने बताया है कि पात्र खिलाड़ी, प्रशिक्षक और संस्थाएँ अगले महीने की 28 तारीख तक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपने आवेदन जमा करा सकते हैं।

**<u>नवरात्र</u>**

शारदीय नवरात्र के आठवें दिन आज माँ दुर्गा के अष्टम स्वरूप महागौरी की पूजा–अर्चना की जा रही राजधानी शिमला सहित प्रदेश के सभी शक्तिपीठों में आज सुबह से ही माता के दर्शनों के लिए भक्तों का तांता लगा हुआ है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने दुर्गा पूजा के अवसर पर देश और विदेश में रहने वाले नागरिकों को शुभकामनाएँ दीं। अपने संदेश में, राष्ट्रपति ने कहा कि यह पर्व देश की संस्कृति, आस्था और आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह पर्व समानता, सहिष्णुता और प्रेम की भावना को बढ़ावा देता है।

———————————————